Title: Need to set up new telephone exchanges in Saran and Siwan districts of Bihar.-Laid.

**श्री प्रभुनाथ सिंह (महाराजगंज, बिहार) :** *अध्यक्ष महोदय, बिहार प्रांत का सारण और सीवान जिला तकनीकी रूप से काफी पिछड़ा हुआ है। वहां की जनता वर्षों से दूरभाष कनैक्शन हेतु पैसा जमा करने के बावजूद केबल और एक्सचेंज क्षमता के अभाव के कारण प्रतीक्षारत है। जिन जिन क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को दूरभाष कनैक्शन उपलब्ध नहीं कराया जा पा रहा है वहां के उपभोक्ता सालों से सरकार से नया एक्सचेंज खोलने की मांग करते रहे हैं तथा उपभोक्ताओं द्वारा पैसा भी जमा किया जा चुका है।

उपभोक्ताओं की अत्यधिक संख्या और मांग को देखते हुए सारण जिले के रिविलगंज प्रखंड अंतर्गत सिताब दियारा में, पानापुर प्रखंड अंतर्गत कोन्भग्वानपुर एवं सतजोडा में, एकमा प्रखंड अंतर्गत जमनपुरा बाजार में एवं मशरक प्रखंड अंतर्गत सोनौली में तथा सीवान जिले के दुरौंदा प्रखंड अंतर्गत बुर्जवा जलालपुर या रजनपुरा में, महाराजगंज प्रखंड अंतर्गत पिनर्थू बाजार में, लकड़ी नवीगंज प्रखंड अंतर्गत डुमरा बाजार में एवं भगवानपुर हाट प्रखंड अंतर्गत माधर में, बनियापुर प्रखंड अंतर्गत मानोपाली मोड में, सिवान जिला एवं सारण जिला के सीमा पर चनचौरा बाजार में नया दूरभाष एक्सचेंज खुल जाने से इस क्षेत्र के उपभोक्ताओं को परेशानी दूर हो जायेगी। उपरोक्त सभी स्थान नया एक्सचेंज खोलने के शर्तों को पूरा करता है।

मैं आपके माध्यम से उपरोक्त स्थानों में नया दूरभाष एक्सचेंज खोलने की मांग करता हूं।

---

* Laid on the Table.